बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण पर उकेरी तस्वीरें

22 मई को संजय गांधी जैविक उद्यान के जू एजुकेशन हाल में किया जाएगा पुरस्कृत

25 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

जागरण संवाददाता, पटना : देखते ही देखते स्कूली बच्चों ने प्रकृति संरक्षण पर एक से एक तस्वीरें उकेर दीं। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को संजय गांधी जैविक उद्यान में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की तरफ से स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 25 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पर्षद मंगलवार को प्रत्येक ग्रुप के विजेताओं का परिणाम घोषित करेगा। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 22 मई को संजय गांधी जैविक उद्यान के जू एजुकेशन हाल में पुरस्कृत किया जाएगा। ग्रुप ''ए'' में शामिल कक्षा एक से चार तक के बच्चों ने 'मेरे आसपास मधुमखियां'' विषय पर चित्रकारी की। फूलों का रस चूसती मधमखियां तो किसी ने पेड़ पर छत्ता लगाए मधुमखियों की एक से एक तस्वीरें बनाईं। ग्रुप ''बी'' में कक्षा पांच से आठ तक के बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने 'मेरा बगीचा, मेरा ग्रह'' विषय पर चित्रकारी की। तालाब और नदियों के किनारे बगीचे की खूबसूरत तस्वीरें उकेरकर ग्रह को दिखाने का प्रयास किया। ग्रुप ''सी'' में कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लिए तथा 'हमारी आर्द्रभूमियों की रक्षा करें'' विषय पर चित्रकारी की। चित्रकारी प्रतियोगिता में सचिव बंदना प्रेयषी, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष भारत ज्योति, सचिव के.गणेश, जैविक उद्यान के निदेशक सत्यजीत कुमार, रेंज आफिसर अरविंद वर्मा भी थे।

संजय गांधी जैविक उद्यान में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे● जागरण